Seventeenth Loksabha

an>

Title: Demand to expedite the process to fill up the vacancies notified by Uttar Pradesh Government.

श्रीमती संगीता आजाद (लालगंज): सभापति महोदय, आपने मुझे अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देती हूं। सरकार ने हर साल दो करोड़ रोजगार देने का वादा किया था।...(व्यवधान) उत्तर प्रदेश में 2017 से जब से भाजपा की सरकार बनी है, तब से आज तक सरकार ने कई वैकेंसीज़ को निकाला है, लेकिन उन वैकेंसीज़ को अब तक भरा नहीं गया है।...(व्यवधान) ज्यादातर वैकेंसीज़ के पर्चे लीक हो गए हैं।... (व्यवधान)

मैं सरकार का ध्यान उन वैकेंसीज़ की तरफ आकृष्ट करना चाहूंगी। 2017 में सब-इंस्पेक्टर का पर्चा लीक हुआ, 2018 में सहायक शिक्षा भर्ती का पर्चा लीक हुआ, 2018 में यूपीपीसीएल का पर्चा लीक हुआ, 2018 में यूपी पुलिस, 2018 में अधीनस्थ सेवा, 2018 में स्वास्थ्य विभाग प्रोन्नत, 2018 में नलकूप ऑपरेटर, 41,520 सिपाहियों की भर्ती, 2020 में 69,000 शिक्षक भर्ती, 2021 में बीएड परीक्षा, 2021 में ही पीईटी परीक्षा, अक्टूबर, 2021 में सहायता प्राप्त स्कूल शिक्षक प्रधानाचार्य की भर्ती, अगस्त, 2021 में यूपीपीजीटी नीट की परीक्षा और अभी हाल में 28 नवम्बर को यूपीटीईटी की परीक्षा थी, जिसका पर्चा 23 तारीख को ही लीक हो गया था।... (व्यवधान)

सभापति जी, मैं आपके माध्यम से मांग करती हूं कि आपके द्वारा प्रदेश सरकार को निर्देशित किया जाए कि इन वैकेंसीज़ को जल्द से जल्द भरा जाए। मैं दो पाइंट और ऐड करना चाहूंगी कि जिन अभ्यार्थियों की आयु सीमा खत्म हो रही है, उन अभ्यार्थियों की आयु सीमा को बढ़ाया जाए और जिन 75 पर्सेंट गरीब अभ्यार्थियों ने इस पर्चे के लिए फार्म भरा था, कम से कम उनको आने-जाने का किराया भत्ता दिया जाए। आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।... (व्यवधान)